# उत्साह और अट नहीं रही

Question 1.
सभी लोग ............ से दुःखी हैं ?
(a) वर्षा होने के कारण
(b) जल भराव के कारण
(c) सर्दी के कारण
(d) गर्मी के ताप के कारण

▼ Answer

Answer: (d) गर्मी के ताप के कारण
सभी लोग गर्मी के ताप के कारण दुःखी हैं।

---

Question 2.
बादल कहाँ से आ जाते हैं ?
(a) समुद्र से
(b) नदियों से
(c) अज्ञात दिशा से
(d) आकाश से

▼ Answer

Answer: (c) अज्ञात दिशा से
बादल अज्ञात दिशा से आए।

---

Question 3.
'उत्साह' कविता की भाषा .......... है।
(a) खड़ी बोली
(b) अवधी
(c) ब्रज
(d) कन्नौजी

▼ Answer

Answer: (a) खड़ी बोली
उत्साह कविता की भाषा संस्कृतनिष्ठ खड़ी बोली है।

---

Question 4.
'उत्साह' कविता में कौन-सा गुण है ?
(a) प्रसाद गुण
(b) माधुर्य गुण
(c) ओज गुण
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (c) ओज गुण
उत्साह कविता में ओज गुण है।

---

Question 5.
'अट नहीं रही है' कविता में किस ऋतु का वर्णन है ?
(a) शरद ऋतु
(b) हेमंत ऋतु
(c) वसंत ऋतु
(d) वर्षा ऋतु

▼ Answer

Answer: (c) वसंत ऋतु
'अट नहीं रही हैं' कविता में वसंत ऋतु का वर्णन है।

---

Question 6.
'अट नहीं रही है' कविता में कवि किसे संदेश देना चाहता है ?
(a) बादलों को
(b) अपने प्रियतम को
(c) आकाश को
(d) वन को

▼ Answer

Answer: (b) अपने प्रियतम को
'अट नहीं रही हैं' कविता में कवि अपने प्रियतम को संदेश देना चाहता है।

---

Question 7.
'उड़ने को नभ में तुम पर-पर कर देते हो' इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?
(a) श्लेष
(b) यमक
(c) रूपक
(d) उपमा

▼ Answer

Answer: (b) यमक
"पर-पर' में यमक अलंकार है, क्योंकि पहले 'पर' का अर्थ पंख व दूसरे 'पर' का अर्थ प्रदान करना

---

Question 8.
'उड़ने को नभ में तुम पर-पर कर देते हो' इस पंक्ति में दूसरे 'पर' का क्या अर्थ है ?
(a) पंख
(b) पक्षी
(c) पत्ता
(d) प्रदान करना

▼ Answer

Answer: (d) प्रदान करना।

---

Question 9.
कवि का प्रिय घर को किस प्रकार सुगंध से भर देता है?
(a) धूप बत्ती जलाकर
(b) फूल खिलाकर
(c) अपनी श्वास से
(d) अपने विचारों से

▼ Answer

Answer: (c) अपनी श्वास से
कवि का प्रिय अपनी श्वास से घर को सुवासित कर देता है।

---

Question 10.
चारों ओर किसका सौंदर्य व्याप्त है ?
(a) पहाड़ों का
(b) झरनों का
(c) प्रकृति का
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (c) प्रकृति का
चारों ओर प्रकृति का सौंदर्य बिखरा हुआ है।

---

Question 11.
कवि किसकी ओर से अपनी आँख नहीं उठा पा रहा है ?
(a) अपने प्रियतम की ओर से
(b) प्रकृति के सौंदर्य की ओर से
(c) बादलों की ओर से
(d) आकाश की ओर से

▼ Answer

Answer: (b) प्रकृति के सौंदर्य की ओर से
कवि प्रकृति के सौंदर्य की ओर से आँख नहीं हटा पा रहा है।

---

Question 12.
वन के वैभव में क्या कूट-कूटकर भरा हुआ है ?
(a) शोभा और सौंदर्य
(b) पेड़-पौधे
(c) पहाड़
(d) नदियाँ

▼ Answer

Answer: (a) शोभा और सौंदर्य
वन के वैभव में शोभा और सौंदर्य कूट-कूटकर भरा हुआ है।

---

Question 13.
'अट नहीं रही है' कविता में कौन-सा गुण है ?
(a) माधुर्यगुण
(b) प्रसादगुण
(c) ओजगुण
(d) सगुण

▼ Answer

Answer: (b) प्रसादगुण
'अट नहीं रही हैं' कविता में प्रसाद गुण है।

---

Question 14.
निराला किस वाद से जुड़े हुए कवि थे ?
(a) छायावाद
(b) प्रयोगवाद
(c) प्रगतिवाद
(d) प्रगतिशीलतावाद

▼ Answer

Answer: (a) छायावाद
निराला जी छायावाद के प्रमुख कवि थे।

---

Question 15.
निराला का जन्म कब हुआ ?
(a) सन् 1887 में
(b) सन् 1885 में
(c) सन् 1897 में
(d) सन् 1903 में

▼ Answer

Answer: (c) सन् 1897 में
निराला जी का जन्म सन् 1897 में बंगाल के मेदिनीपुर जिले के महिषादल नामक स्थान पर हुआ था।

---

Question 16.
निराला जी ने इनमें से किस पत्रिका का संपादन किया ?
(a) समन्वय
(b) मतवाला
(c) समन्वय और मतवाला दोनों
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (c) समन्वय और मतवाला दोनों
निराला जी ने समन्वय और मतवाला दोनों पत्रिकाओं का सम्पादन किया।

---

Question 17.
निम्नलिखित में से कौन-सी काव्य रचना निराला जी की नहीं है ?
(a) अनामिका
(b) परिमल
(c) सरोज-स्मृति
(d) झरना

▼ Answer

Answer: (d) झरना
'झरना' जयशंकर प्रसाद की रचना है।

---

Question 18.
निराला जी की अधिकतर रचनाएँ ............ में मिलती हैं ?
(a) रोला
(b) मुक्तक
(c) सोरठा
(d) दोहा

▼ Answer

Answer: (b) मुक्तक
मुक्तक छंड निराला जी का प्रिय छंद था। मुक्तक छंद को निराला जी की सबसे बड़ी देन कहा जाता है।

---

Question 19.
'उत्साह' एक ............
(a) आह्वान गीत
(b) शोक गीत
(c) भक्ति गीत
(d) विरह गीत

▼ Answer

Answer: (a) आह्वान गीत
उत्साह एक आह्वान गीत है, क्योंकि इस गीत में बादलों का आह्वान किया गया है।

---

Question 20.
'उत्साह' कविता में कवि किसका आह्वान कर रहा
(a) वर्षा का
(b) बादलों का
(c) बिजली का
(d) पक्षियों का

▼ Answer

Answer: (b) बादलों का
कवि ने उत्साह कविता में बादलों का आह्वान किया है।

---

Question 21.
बादलों को किसके समान सुंदर माना गया है ?
(a) चंचल पक्षी के
(b) नृत्य मुद्रा में मोर के
(c) काले घुघराले बालों के समान
(d) बहती जल धारा के

▼ Answer

Answer: (c) काले घुघराले बालों के समान
बादलों को काले धुंघराले बालों के समान बताया है।

---

Question 22.
बादलों को किसकी कल्पना के समान पाले हुए माना गया है ?
(a) प्रेयसी की कल्पना
(b) विद्‌युत की कल्पना
(c) इन्द्रधनुष की कल्पना
(d) बाल कल्पना

▼ Answer

Answer: (d) बाल कल्पना
बादलों को बाल कल्पना के समान पाले हुए माना गया है।

---

Question 23.
बादलों के हृदय में ................ सुंदरता छिपी है।
(a) जल की
(b) नदी की
(c) विद्‌युत की
(d) सागर की

▼ Answer

Answer: (c) विद्‌युत की
बादलों के हृदय में विद्‌युत की सुंदरता छिपी हुई है।

---

Question 24.
कवि ने बादलों को कैसा कहा है ?
(a) सुंदर
(b) नवजीवन वाले
(c) अकल्पनीय
(d) लुभावने

▼ Answer

Answer: (b) नवजीवन वाले
कवि ने बादलों को नव-जीवन वाले कहा है।

---

Question 25.
'नूतन कविता फिर भर दो' कवि नूतन कविता किसमें भरने की बात कह रहा है ?
(a) बादलों में
(b) स्वयं अपने जीवन में
(c) a और b दोनों में
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (c) a और b दोनों में
बादलों और स्वयं के जीवन में।

---

काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

(1)

विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए-
बादल, गरजो।
घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ!
ललित ललित, काले धुंघराले,
बाल कल्पना के-से पाले,
विद्युत-छबि उर में, कवि, नवजीवन वाले!
वज्र छिपा, नूतन कविता
फिर भर दो।
बादल गरजो!

Question 1.
कवि किससे गरजने के लिए कह रहा है?
(a) बादल से
(b) समुद्र से
(c) नदी से
(d) विद्युत से

▼ Answer

Answer: (a) बादल से
बादल से गरजने के लिए कवि ने उसका आह्वान किया है।

---

Question 2.
बादल किसका प्रतीक है?
(a) जल का
(b) समुद्र का
(c) शांति का
(d) क्रांति का

▼ Answer

Answer: (d) क्रांति का
बादल क्रांति के प्रतीक होते हैं।

---

Question 3.
कवि को बादल कैसे लग रहे हैं?
(a) मतवाले
(b) सुनहरे
(c) ललित-ललित, काले-धुंघराले
(d) रस्सी जैसे

▼ Answer

Answer: (c) ललित-ललित, काले-धुंघराले
कवि को बादल ललित-ललित काले और घुघराले लग रहे हैं।

---

Question 4.
बादलों के हृदय में क्या छिपा है?
(a) प्यार
(b) विद्‌युत
(c) क्रोध
(d) विध्वंस

▼ Answer

Answer: (b) विद्‌युत
बादलों के हृदय में विद्‌युत छिपी हुई है।

---

Question 5.
नूतन कविता से कवि का आशय है?
(a) नए जीवन से
(b) नई कविता से
(c) नए युग से
(d) नए जमाने से

▼ Answer

Answer: (a) नए जीवन से।

---

(2)

विकल विकल, उन्मन थे उन्मन
विश्व के निदाघ के सकल जन,
आए अज्ञात दिशा से अंनत के घन*!*
तृप्त धरा, जल से फिर
शीतल कर दोः
बादल, गरजो*!*

Question 1.
कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- कवि : सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
- कविता : उत्साह।

---

Question 2.
किनके मन विकल थे और क्यों?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- जगत के सभी लोगों के
- क्योंकि वर्षा नहीं हुई थी।

---

Question 3.
'उन्मन थे उन्मन' का क्या अर्थ है?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- अनमना स्वभाव
- ऊँची आकांक्षाओं वाला मन
- उत्+मन = उन्मन।

---

Question 4.
कवि ने बादलों को अनंत के घन क्यों कहा है?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- सृष्टि का कर्ता ईश्वर है जो अनंत है
- बादल भी अनंत हैं।

---

Question 5.
इन पंक्तियों में कौन-सी शैली का प्रयोग हुआ है?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- उद्बोधन शैली।

---

(3)

अट नहीं रही है
आभा फागुन की तन
सट नहीं रही है।
कहीं साँस लेते हो,
घर-घर भर देते हो,
उड़ने को नभ में तुम
पर-पर कर देते हो,
आँख हटाता हूँ तो
हट नहीं रही है।
पत्तों से लदी डाल कहीं हरी,
कहीं लाल, कहीं पड़ी है उर में
मंद-गंध-पुष्प-माल,
पाट-पाट शोभा-श्री
पट नहीं रही है।

Question 1.
कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- कवि : सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
- कविता : अट नहीं रही है।

---

Question 2.
फागुन की आभा प्रकृति में क्यों नहीं समा पा रही है?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- फागुन की आभा असीमित है
- पूरा वातावरण फागुनमय हो रहा है।

---

Question 3.
फागुन की साँस कवि ने किसको कहा है?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- फूलों से सुगंधित वायु को
- शुद्ध पर्यावरण को।

---

Question 4.
फागुन के सौन्दर्य को देखते हुए कवि की कैसी स्थिति हो गई है?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- कवि फागुन के सौंदर्य में बँधकर रह गया
- उनका मन इस सौंदर्य में डूब गया
- कवि सौंदर्य का दीवाना हो गया।

---

Question 5.
फागुन के कारण वन उपवन कैसे लग रहे हैं ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- वन उपवन महक रहे हैं
- पेड़ों पर नए-नए पत्ते आ गए हैं
- पेड़ों पर फूल खिले हैं।

---

## लघूत्तरीय प्रश्न

Question 1.
कवि बादल से फुहार, रिमझिम या बरसने के स्थान पर गरजने के लिए क्यों कहता है?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- बादल धरती को हरा-भरा बनाता है
- बादल क्रांति का प्रतीक है।

---

Question 2.
कविता में बादल किन-किन अर्थों की ओर संकेत करता

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- नव-जीवन की ओर
- क्रांति की ओर।

---

Question 3.
'उत्साह' कविता में कवि ने किसका आहवान किया है?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- बादलों का
- बादल नव-जीवन व क्रांति के प्रतीक हैं।

---

Question 4.
कवि की आँख फागुन की सुंदरता से क्यों नहीं हट रही है?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- फागुन का सौंदर्य अनूठा है
- सब ओर हरियाली है
- पेड़-पौधे फलों से लदे हैं।

---

Question 5.
फागुन में ऐसा क्या होता है; जो बाकी ऋतुओं से भिन्न होता है?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- फागुन में फूल खिलते हैं
- मौसम सुहावना होता है
- वातावरण शुद्ध होता है।

---

Question 6.
प्रकृति के तन में वासंती सौंदर्य क्यों नहीं समा पा रहा

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- वसंत ऋतु का सौंदर्य अद्भुत है
- पूरी धरा सौंदर्य से भरी पड़ी
- सौंदर्य की अधिकता के कारण।

---

Question 7.
निम्नलिखित पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए-
कहीं साँस लेते हो,
घर-घर भर देते हो,
उड़ने को नभ में तुम
पर-पर कर देत हो,
पाट-पाट शोभा श्री
पट नहीं रही है।

▼ Answer

Answer:
संकेत :

- फागुन का सौंदर्य व्यापक है
- फागुन का सौंदर्य आसानी से समा नहीं सकता।

---